दैनिक
# क्यूँ न लिखूँ सच
प्रातः कालीन
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO.- 05086/21
वर्ष :- 02 अंक :- 219 मुरादाबाद 06 December 2022 (Tuesday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## योगी सरकार ने पेश किया 33 हजार 769 करोड़ का अनुपूरक बजट, नई योजनाओं पर खर्च होंगे 14 हजार करोड



योगी सरकार ने सोमवार को विधानमंडल सत्र के पहले दिन 33,769.54 करोड़ रुपये का अनुपूरक बजट पेश किया। इस बजट का बड़ा हिस्सा नई योजनाओं पर खर्च किया जाएगा।यूपी विधानमंडल सत्र के पहले दिन वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने वित्त वर्ष 2022-23 के लिए 33 हजार 769.54 करोड़ का अनुपूरक बजट पेश किया। बजट में नई योजनाओं के लिए 14000 करोड़ रुपये का प्रस्ताव किया गया है। विधान परिषद में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अनुपूरक बजट प्रस्तुत किया। बजट में शहरों के समुचित व समग्र विकास के लिए 4000 करोड़, निजी औद्योगिक पार्कों में अवस्थापना सुविधाएं विकसित करने को 300 करोड़ रुपए आवंटित किए गए। स्टार्ट अप व इन्क्यूबेटर के लिए 100 करोड़, ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के आयोजन के लिए 296 करोड़ रुपए दिए गए। सबसे ज्यादा 8000 करोड़ रुपए की राशि का आवंटन औद्योगिक विकास प्राधिकरणों को निजी इंडस्ट्रियल पार्क व हब विकसित करने के लिए दिए गए हैं। प्रधानमंत्री गतिशक्ति योजना के लिए 200 करोड़ रुपये आवंटित किए गए। इसके पहले, सपा नेता मुलायम सिंह यादव को श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनके निधन को देश व प्रदेश की बड़ी क्षति बताया। अनुपूरक बजट पेश करने को लेकर सोमवार सुबह मुख्यमंत्री आवास पर कैबिनेट बैठक हुई। जिसमें बजट को मंजूरी दे दी गई। अनुपूरक बजट में फरवरी में होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के लिए धन का विशेष प्रबंध होगा। नगर विकास विभाग की स्वच्छ भारत मिशन, अमृत योजना, स्मार्ट सिटी व प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए राज्यांश संबंधी मांगें भी इससे ही पूरी होंगी। पीडब्ल्यूडी ने सड़कों के लिए मांगे गए दो हजार करोड़- पीडब्ल्यूडी ने सड़कों के चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण के लिए करीब 2000 करोड़ रुपये मांगे हैं। वहीं सिंचाई विभाग के कंप्यूटराइजेशन के लिए भी राशि मिलने की उम्मीद है। सरकार की घोषणा के तहत युवाओं के लिए निशुल्क टैबलेट व स्मार्ट फोन के लिए भी बजट प्रस्तावित होगा। इसके अलावा अयोध्या में अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट व अन्य सुविधाओं के लिए भी अनुपूरक बजट के माध्यम से धन की व्यवस्था की जाएगी। वहीं कानपुर समेत सभी मेट्रो परियोजनाओं, ग्रेटर नोएडा फिल्म सिटी, जेवर एयरपोर्ट और अन्य बड़े प्रोजेक्ट के लिए भी अतिरिक्त बजट आवंटन किया जा सकता है।

स्वास्थ्य और शिक्षा की पहले से चल रहीं योजनाओं को अंतिम रूप देने के लिए संबंधित विभागों को अतिरिक्त बजट का कुछ हिस्सा दिया जाएगा। इसके अलावा पूर्व में पारित वित्त वर्ष 2022-23 का आम बजट 6,15,518.97 लाख करोड़ रुपये का था। अनुपूरक बजट मिलाकर यह लगभग 6 लाख 70 हजार करोड़ के आसपास का हो जाएगा, जोकि अपने आप में एक बड़ा रिकॉर्ड होगा। आम बजट प्रस्तुत करते समय सदन में वित्त मंत्री ने कहा था कि कुल राजस्व प्राप्तियां 590951 करोड़ रुपये अनुमानित हैं। कुल प्राप्तियों में 499212 करोड़ रुपये राजस्व से आएंगे और 91739 करोड़ रुपये की पूंजीगत प्राप्तियां शामिल हैं।

## लालू यादव का किडनी ट्रांसप्लांट हुआ सफल, ऑपरेशन थिएटर से आईसीयू में किया गया शिफ्ट



पटना -डिजिटल डेस्क- राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव का किडनी ट्रांसप्लांट सफलतापूर्वक संपन्न हो गया है। सिंगापुर के माउंट एलिजाबेथ अस्पताल में लालू यादव का ऑपरेशन किया गया। राजद सुप्रीमो का पूरा परिवार ऑपरेशन थिएटर के बाहर ऑपरेशन की सफलता और उनकी सलामती के लिए दुआएं मांग रहा था। बेटे तेजस्वी यादव ने ट्वीट कर ऑपरेशन के सफल होने की जानकारी दी। पापा का किडनी ट्रांसप्लांट ऑपरेशन सफलतापूर्वक होने के बाद उन्हें ऑपरेशन थियेटर से आईसीयू में शिफ्ट किया गया। इसके पहले लालू यादव की बड़ी बेटी मीसा भारती ने छोटी बहन रोहिणी आचार्य की सफलतापूर्वक सर्जरी की जानकारी दी थी। मीसा भारती ने ट्वीट कर बताया था कि छोटी बहन रोहिणी का डोनर का ऑपरेशन सफलतापूर्वक हो गया है। वह पूरी तरह से स्वस्थ है और अभी ढ्ष्ट में हैं और अभी पापा का ऑपरेशन चल रहा है। ऑपरेशन थियेटर के बाहर बिहार की पूर्व सीएम और लालू यादव की पत्नी राबड़ी देवी, बेटी मीसा भारती, बेटे तेजस्वी यादव समेत परिवार के अन्य सदस्य मौजूद थे। सभी बेसब्री से ऑपरेशन के कामयाब होने का इंतजार कर रहे थे। पिता को किडनी देने से पहले लालू यादव की दूसरे नंबर की बेटी रोहिणी आचार्य ने अपने सोशल मीडिया पर लोगों की शुभकामनाएं मांगी। बता दें कि रविवार को ट्रांसप्लांट के लिए उन्हें देर रात अस्पताल में भर्ती किया गया था। रोहिणी ने इसकी तस्वीर भी शेयर की थी। लालू यादव को अस्पताल में पहले ही शिफ्ट कर दिया गया था। रोहिणी की किडनी अभी 90 से 95 प्रतिशत तक काम कर रही है। वहीं, लालू प्रसाद की दोनों किडनी 28 प्रतिशत ही काम कर रही है। ट्रांसप्लांट के बाद ये लगभग 70 प्रतिशत काम करने लगेंगी।

## UP उपचुनाव में आरोप-प्रत्यारोप: अखिलेश ने कहा- प्रशासन दे रहा BJP का साथ, भाजपा बोली- सपा करा रही फर्जी वोटिंग



वोट डालने के बाद सपा मुखिया अखिलेश यादव ने प्रशास पर बड़ा आरोप लगाया। अखिलेश यादव ने कहा कि रामपुर में प्रशासन भाजपा को समर्थन कर रहा है। रामपुर में मतदाताओं पर पुलिस लाठियां बरसा रही है। कई सपा नेताओं पर लाठीचार्ज किया गया। रामपुर में ऐसी कई तस्वीरें सामने आई हैं। कई दिन से पुलिस कार्यकर्ताओं को परेशान कर रही है। लोगों को वोट नहीं डालने दिया जा रहा है। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव और डिंपल यादव ने सैफई स्थित अभिनव विद्यालय में वोट डाला। शिवपाल सिंह यादव और पूर्व सांसद धर्मेंद्र यादव ने भी मतदान किया। अखिलेश यादव ने मतदान के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस भी की। वोट डालने के बाद सपा मुखिया अखिलेश यादव ने प्रशासन पर बड़ा आरोप लगाया है। अखिलेश यादव ने कहा कि मतदान शुरू होने के दिन से ही प्रशासन किसके इशारे पर काम कर रहा है, मुझे नहीं पता। उसे क्या ब्रीफिंग दी गई है? सुबह से लगातार शिकायतें आ रही हैं। पुलिस लोगों को वोट नहीं डालने दे रही है। अखिलेश यादव ने कहा कि रामपुर में प्रशासन भाजपा को समर्थन कर रहा है। रामपुर में मतदाताओं पर पुलिस लाठियां बरसा रही है। कई सपा नेताओं पर लाठीचार्ज किया गया। रामपुर में ऐसी कई तस्वीरें सामने आई हैं। कई दिन से पुलिस कार्यकर्ताओं को परेशान कर रही है। लोगों को वोट नहीं डालने दिया जा रहा है। तरह-तरह के हथकंडे अपनाए जा रहे हैं। रामपुर में फोर्स मांगनी पड़ी है। चुनाव आयोग हर बात को नजरअंदाज कर रहा है। प्रशासनिक अधिकारी बात करने के लिए तैयार नहीं है। मैनपुरी प्रशासन पर भी अखिलेश यादव ने गंभीर आरोप लगाए। अखिलेश यादव ने कहा कि अब हमें 2024 की अच्छी तैयारी करनी पड़ेगी। निष्पक्ष फैसला नहीं लिया जा रहा है। विरोध करने पर केस दर्ज कराए जाते हैं। चुनाव आयोग आंखें बंद करके बैठा है। अखिलेश ने आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा वाले पाकिस्तान को फॉलो कर रहे हैं क्या? पुलिस वाले भाजपा के पक्ष में वोट डलवा रहे हैं। भाजपा ने सपा पर फर्जी मतदान कराने का लगाया आरोप- उधर, प्रदेश के सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर के नेतृत्व में भाजपा के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी अजय शुक्ला से मुलाकात की और सपा पर रामपुर व मैनपुरी मे फर्जी मतदान कराने का आरोप लगाया। भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को इस संबंध में ज्ञापन भी सौंपा। भाजपा ने आरोप लगाया कि मैनपुरी लोकसभा सीट और रामपुर विधानसभा सीट पर समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता फर्जी मतदान कर रहे हैं।

# डीएम ने चंद मिनटों में दिव्यांग महिला की समस्या का कराया समाधान

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ़- जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह द्वारा व्यक्तिगत रूचि एवं संवेदनशीलता के साथ किये जा रहे जनहित के कार्यों से आमजन में एक विश्वास जागा है कि उनके दरबार से कोई खाली हाथ नहीं लौटेगा। जिलाधिकारी प्रत्येक पात्र एवं जरूरतमंद की समस्याओं को न केवल गंभीरता से सुनते हैं बल्कि उसका फीडबैक लेकर समस्या की जड़ में जाकर उसका निस्तारण भी कराते हैं। सोमवार को शिक्षक नगर निवासी एक हाथ से दिव्यांग महिला भगवान देवी पत्नी डोरीलाल जिलाधिकारी कार्यालय अपनी फरियाद लेकर पहुँची। उन्होंने बताया कि उनकी आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है, जिससे जीवन-यापन में कठिनाई हो रही है। उन्होंने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा हि ''सुना है डीएम साब रोजाना जनसुनवाई में जरूरतमंद और असहाय



लोगों की मदद करते हैं'' इसलिये वह भी अपनी व्यथा लेकर उनके दरबार में पहुंची हैं। उनका न तो राशन कार्ड बना है, और न ही दिव्यांग प्रमाणपत्र बन पा रहा है, जिससे उनको राशन, दिव्यांग पेंशन एवं अन्य शासकीय योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा। जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने समस्या को गंभीरता से लेते हुए दिव्यांग महिला को शासकीय वाहन से मलखान सिंह जिला चिकित्सालय भेज दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाये जाने के साथ ही प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से लाभान्वित कराने के निर्देश दिए। डीएम ने स्वयं भी महिला को 500 रूपये की धनराशि प्रदान कर केनरा बैंक में खाता खुलवाया। डीएम ने तत्काल उनका दिव्यांग प्रमाण पत्र तैयार कराकर अपने हाथों से देकर उन्हें दिव्यांग पेंशन समेत अन्य शासकीय योजनाओं से लाभान्वित कराने के प्रति भी आश्वस्त किया।

# इंटरनेट मीडिया पर परवान चढ़े प्यार में पागल युवती प्रेमी से मिलने हरिद्वार से अलीगढ़ के हरदुआगंज आ गई

लवकुश ठाकुर-दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ़- इंटरनेट मीडिया पर परवान चढ़े प्यार में पागल युवती प्रेमी से मिलने हरिद्वार से अलीगढ़ के हरदुआगंज आ गई। जिसकी तलाश में जुटी हरिद्वार की पुलिस को गांव बुढासी से बरामद कर साथ ले गई। उत्तराखंड के हरिद्वार के नगर कोतवाली क्षेत्र निवासी एक ढावा संचालक की 19 वर्षीय कक्षा दसवीं की छात्रा का इंटरनेट मीडिया पर हरदुआगंज के गांव बुढासी निवासी दिव्यांग युवक से संपर्क हो गया। बातचीत का सिलसिला बढ़ने पर दोनों में प्यार इजहार हुआ तो साथ रहने की कसमें खा ली। युवती की मां ने बताया कि 25 नवंबर की सुबह युवती कोचिंग जाने की कहकर घर से निकली और लापता हो गई। थाने सूचना देने पर पुलिस सक्रिय हुई तो युवती के फोन की लोकेशन अलीगढ़ मिलने पर 4दिसंबर को हरिद्वार की पुलिस टीम अलीगढ़ आकर युवती की तलाश में जुट गई। गांव बुढासी से युवती को बरामद कर लिया। अरोपित युवक फरार हो गया। एसएचओ ब्रजपाल सिंह ने बताया कि पुलिस युवती को साथ लेकर लौट गई।

# रोहिनासिंहपुर के निकट रोडबेज ने ट्रैक्टर ट्राली को रोंदा दो दर्जन यात्री घायल ट्रैक्टर चालक की मौत

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ़-अकराबाद - थाना क्षेत्र में सोमवार की सुबह नेशनल हाइवे पर ओवरब्रिज के निकट तेज रफ्तार रोडबेज बस ने ट्रैक्टर ट्राली को पीछे से रोंद दिया।हादसे में बस में सबार बाइस यात्री गंभीर रुप से घायल हो





गये।जबकि ट्रैक्टर सबार तीन लोगों में से एक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस की मदद से सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है।

बस चालक उमेश कुमार व परिचालक विनोद कुमार कश्यप ने बताया है कि वह रविवार की देरात दिल्ली से बुद्ध विहार डिपो की बस को लेकर हरदोई जा रहा था। बस में करीब 45 यात्री सबार थे। उनकी बस जैसे ही सोमवार की सुबह समय करीब 3.30 बजे अकराबाद थाना क्षेत्र में नेशनल हाइवे पर गांव रोहिनासिंहपुर ओवरब्रिज के निकट पहुंची तभी सामने चल रही ट्रैक्टर ट्राली ने अचानक टर्न लिया। बैसे ही तेज रफ्तार बस पीछे से ट्रैक्टर ट्राली में जा टकराई। हादसा होते ही बस में बैठे यात्रियों में चीखपुकार मच गई। उधर ट्रैक्टर ट्राली में सबार तीन लोगों में ट्रैक्टर चालक नेमसिंह ( 39 ) पुत्र रामसिंह निवासी गांव आलमपुर थाना विजयगढ़ की मौके पर ही मौत हो गई। साथी संजयसिंह पुत्र निन्नामीसिंह, टीटू पुत्र महेश चंद्र घायल हो गये। हादसे की सूचना पर थाने के एसआई सुरजीत सिंह यादव व रोशनलाल फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गये और सभी घायलों को एम्बुलेंस की मदद से उपचार के लिए अस्पताल व मरने वाले नेमसिंह को पोस्टमार्टम के लिए अलीगढ़ भेजा हैं। कोतवाल एमपी सिंह ने बताया है। कि पुलिस ने बस व उसके चालक उमेश कुमार को हिरासत में लेलिया है। घायल बस यात्रियों में वृज मोहन, धनपाल, पंकज,रिंकू, फरीश,जानकी प्रसाद, विपिन कुमार, रामू,रामवीरसिंह, रामचरन,दिलशाद, सुधा,शैलेंद्र, शोभित, अर्जुन, रवि, अर्जुन, अंजली,कोमल,श्रीकृष्ण, श्री प्रकाश शामिल हैं।

# दवंगी के जोर पर हो रहा है घटिया निमार्ण



अमरीक सिंहद्र
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

जिला बहराइच थाना मटेरा ग्राम गौरा धनौली का मामला ग्राम प्रधान सुरजीत कौर प्रतिनिधि संजय सिंह ग्राम गौरा में नाली का कार्य करा रहे हैं नाली के नीचे पुराने ईटा का प्रयोग किया जा रहा है ऊपर नया ईटा लगाया जा रहा है पुराने ईटों को मिट्टी से ढक दिया जा रहा है ना मसाले में मौरंग का प्रयोग नहीं किया जा रहा है 6 एक का मसाला प्रयोग किया जा रहा है अधिकारी इस मामले पर मौन बने हुए हैं इस पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है की नाली मैं पुराने ईट का प्रयोग क्यों किया जा रहा है अधिकारी प्रधान के प्रति कोई करवाई करने को तैयार नहीं है एक तरफ उत्तर प्रदेश के योगी सरकार स्वच्छ मिशन में काम करा रही है वही नीचे के अधिकारी और प्रधान सरकार के पैसों को बंदरबांट कर रही है

# ककरदरी के विकास के लिए करेंगे पूरा प्रयास : सम्मान



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती-राज्य अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य ने सम्मान अफरोज खान भारत नेपाल सीमा पर स्थित ककरदरी गांव पहुंच कर ग्रामीणों की समस्याओं को प्रमुखता पूर्वक सुना। ग्रामीणों ने आयोग के सदस्य को अपनी पीड़ा बताते हुए

यह गांव एक तरफ घने जंगलों, दूसरी तरफ राप्ती नदी तथा शेष दो तरफ नेपाल से घिरा हुआ है। इस गांव में अभी तक न तो बिजली पहुंची है और न हीं सड़क, साथ हीं दूर दूर तक रोजगार के कोई साधन नहीं है। ऐसे में यहां के लोग आज भी उन्नीसवीं सदी जैसा जीवन जीने को मजबूर हैं। जिस पर सदस्य सम्मान अफरोज खान ने सभी समस्याओं को सम्बन्धित विभागीय प्रमुख से बात कर समाधान कराने का आश्वासन दिया है। इस दौरान सम्मान ने कहा कि ककरदरी गांव के ग्रामीणों का जीवन बहुत हीं संघर्ष पूर्ण है। यहां के विकास के लिए पूरा प्रयास किया जायेगा। इस अवसर पर ग्राम प्रधान राजू यादव, भाजपा नेता दिलशाद पठान समेत सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

# कपूर कंपनी पुल बंद होने पर लोगों को लगाना पड़ा चार किमी का चक्कर

मुरादाबाद। चार घंटे की जांच के बाद वाराणसी आईटीआई की टीम ने माना कपूर कंपनी पुल पर वाहनों का चलना खतरनाक है। टीम ने पुल की कमजोरी पकड़ ली। टीम ने स्पष्ट कहा कि पुल पर दो पहिया वाहन चलने से खतरा है। तीन माह बाद मरम्मत करने पर ही पुल पर वाहन चलेंगे। फिलहाल पुल पर पैदल यात्रियों के आवागमन पर छूट दी जा सकती है। कपूर कंपनी पुल की जांच करने के लिए रेलवे के इंजीनियरों ने यात्रियों और वाहनों का संचालन रविवार की सुबह दस से दोपहर दो बजे तक बंद कर दिया था। पुल के दोनों तरफ आम लोगों को रोकने के लिए पुलिस और ट्रैफिक फोर्स लगाई गई थी। नीचे रेलवे लाइन पर आरपीएफ को तैनात किया गया था। इस बीच काफी लोगों ने पुल से जाने की कोशिश की लेकिन पुलिसकर्मियों ने उनको बैरंग लौटा दिया। कुछ लोगों ने रेलवे लाइन पार कर जाने की कोशिश की लेकिन आरपीएफ ने लोगों को सख्ती के साथ वापस भेज दिया। चार घंटे तक वाराणसी आईआईटी की टीम ने पुल की क्षमता और खामियों का आंकलन किया। दोपहर दो बजे तक जांच के बाद टीम ने रेलवे अधिकारियों को बताया कि पुल पर वाहन चलने से लाइनपार की लेयर टूट सकती है। इस कारण वाहन चलाना संभव नहीं है। अभियंताओं की रिपोर्ट के बाद रेलवे के अधिकारियों ने आदेश जारी किया कि अब पुल पर तीन माह तक सिर्फ पैदल यात्री ही चलेंगे।

# विभागीय क्रिकेट प्रतियोगिता जीपीएम कप का आयोजन तीन दिवस तक फिजिकल कालेज पेंड्रा के मैदान मे किया गया



ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद/ गौरेला पेंड्रा मरवाही- जिला खेल एवं सांस्कृतिक विकास समिति जीपीएम के तत्वाधान मे आयोजितविभागीय क्रिकेट प्रतियोगिता जीपीएम कप का आयोजन तीन दिवस तक फिजिकल कालेज पेंड्रा के मैदान मे किया गया जिसका फाइनल मैच और समापन समारोह सोमवार को दोपहर 12 बजे से हुआ जिसमे फाइनल मैच पुलिस विभाग जीपीएम वर्सेज राजस्व विभाग के बीच खेला गया समापन समारोह मे युवा आयोग के सदस्य उत्तम वासुदेव पुलिस अधीक्षक जीपीएम यू उदय किरण( आई पी एस )जनपद पंचायत पेंड्रा अध्यक्ष आशा बब्लू मराबी जनपद पंचायत अध्यक्ष गौरेला ममता पैकरा नगर पंचायत उपाध्यक्ष पंकज तिवारी अशोक वाडेगावकर एस डी ओ पी समाजसेवी सुल्तानिया उपस्थित रहे फाइनल मैच मे टॉस जीतकर पहले बल्ले करने उतरी पुलिस विभाग ने एकतरफा शुरुआत करते हुए मैच को राजस्व के पहुंच से एकदम दूर करते हुए दस ओवर मे 150 रन बना दिये जिसमें गोपाल 26गेंद मे 94रन बनाये 151 के बड़े लक्ष्य का पीछा करने उतरी राजस्व की कमजोर शुरुआत थी और एकतरफा मैच मे पुलिस विभाग ने जीत हासिल की और चमचमाती ट्रॉफी जिसकी ऊंचाई 5फिट से अधिक है पर कब्जा जमाया टूर्नामेंट मे मैन ऑफ़ द सीरीज व मैन ऑफ़ द मैच गोपाल ओट्टी बेस्ट बल्लेबाज भरत बेस्ट गेंदबाज नागवार सर्वश्रेष्ठ फिल्डरकीपर संजय टांडिया रहे आयोजन समिति के सचिव नागेंद्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया की ये प्रतियोगिता अपने आप मे विभागीय क्रिकेट या खेल के लिए एक् नया अध्याय होगी जो की कही न कही खेल के लिए एक् बड़ी बात है व्यस्तम कार्य के अतिरिक्त समय निकालकर मैदान से जुड़ने की भी प्रेरणा मिलेगी और खेल से कर्मचारियों का जुड़ाव होगा आयोजन को सम्पन्न कराने मे आयोजन समिति के कार्यकारी अध्यक्ष टिकादास मराबी अरविन्द शुक्ला रितेश सिँह विक्रांत सिंह अम्बुज मिश्रा संजय कैवर्त विवेक तिग्गा प्रदुमन तिवारी सतीश यादव ओमप्रकाश सोनवानी प्रखर तिवारी उपस्थित रहे फिजिकल कालेज के छात्रों ने ऑफिसियल की भूमिका निभाई और प्रतियोगिता को सम्पन्न कराया बड़ी संख्या मे दर्शक और खेल प्रेमी मौजूद रहे कार्यक्रम का बेहतरीन संचालन अजय चौधरी ने किया

# धर्म परिवर्तन कर हवस का शिकार बनाया

मुरादाबाद। मझोला स्थित एक फैक्टरी के सुपरवाइजर ने कर्मचारी महिला को हवस का शिकार बनाया। धर्म परिवर्तन कर शादी किया और होटल में दोस्त के सामने संबंध बनाने के लिए परोसा तो महिला भड़क गई। भागकर महिला ने मझोला पुलिस से संपर्क किया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी सुपरवाइजर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार उत्तराखंड की रहने वाली एक महिला लाकड़ी फाजलपुर स्थित एक फैक्टरी में काम करती थी।इसी समय फैक्टरी के सुपरवाइजर महाराज सिंह की नजर महिला पर पड़ गई। आरोप है कि शादी का झांसा देकर सुपरवाइजर ने महिला के साथ संबंध बनाए। काफी दबाव बनाने पर वह महिला के साथ लिव इन रिलेशनशिप में रहा। इसके बाद उसने हर्बल पार्क के समीप एक मंदिर में शादी किया। 17 नवंबर को उसने आर्य समाज मंदिर दादरी गौतम बुद्ध नगर में धर्म परिवर्तन कर नया नाम दिया। महिला ने पुलिस को बताया कि इस बीच उसने दवा देकर महिला का दो बार गर्भपात भी कराया था। इसके बाद महाराज सिंह उसे डासना स्थित एक होटल में लेकर गया। रात के समय महाराज सिंह ने एक अन्य व्यक्ति के साथ संबंध बनाने के लिए दबाव बनाया। डर के चलते महिला होटल से भाग निकली। महिला का कहना था कि महाराज सिंह 17 फरवरी 23 को एक अन्य युवती से शादी करने वाला है। इस बात की जानकारी मिलने पर शक सही निकला कि महाराज सिंह धर्म परिवर्तन कराकर युवतियों को अपना शिकार बनाता है। इस मामले में पुलिस ने महाराज सिंह के खिलाफ कई धाराओं में नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया। इस मामले में निरीक्षक हरिशंकर ने विवेचना के दौरान जयंतीपुर गली निवासी आरोपी महाराज सिंह को गिरफ्तार कर लिया।

ऑफर
आप यहाँ
अपना विज्ञापन
लगवाये बहुत
ही कम प्राइस
में
संपर्क करे-
9027776991

# सरहद पर अतिक्रमण हटाने को लगाया जागरूकता शिविर

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद/श्रावस्ती- सरहद के मुख्य मार्ग के किनारे किये गये अवैध अतिक्रमण को हटवाने के लिए एसएसबी व पुलिस प्रशासन ने ग्रामीणो के साथ जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। सशस्त्र सीमा बल( एसएसबी ) जमुनहा आउट पोस्ट पर सोमवार को आयोजित शिविर मे उपजिलाधिकारी जमुनहा सौरभ शुक्ला ने ग्रामीणो से संवाद करते हुए कहा कि कलकलवा मार्जिनल बांध को बनवाने का उद्देश्य सुरक्षा बलो का आपात स्थिति मे एक जगह से दूसरी जगह पहुंचना आसान व जल्द हो जाये। लेकिन इस हाइवे के दोनो ओर पर ग्रामीणो ने पशुओ को रखने के साथ ही पुआल लगा देना, गुमटी रख लेना, छोटी छोटी झोपड़ी बना लेने का साथ ही बच्चो को खेलने के लिए छोड़ देते है। जिससे सुरक्षा बलो को आवागमन व गश्त करने मे भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। साथ ही सड़क दुर्घटना की भी वृद्धि होती है। उन्होने ग्रामीणो से अपील की कि 15 दिनो के अन्दर अतिक्रमण अवश्य हटा ले। मीणो को नुकसान भी हो सकता है। प्रभारी निरीक्षक मल्हीपुर हर्षवर्धन सिंह ने कहा कि पशुओ की चोरी रोकने के लिए भी पशुओ को अपने घरो, अहाते मे रखे। उनको खुला बिल्कुल न छोड़े। इस मौके पर एसएसबी के असिस्टेंट कमांडर राजकुमार, प्रभारी निरीक्षक हर्षवर्धन सिंह, जमुनहा आउट पोस्ट इंचार्ज देवनाथ मित्रा, कोदिया आउट पोस्ट इंचार्ज भारत पाठक, सागरगांव आउट पोस्ट इंचार्ज प्रबोध कुमार शाह, जमुनहा पुलिस चौकी प्रभारी जीतेन्द्र राय सहित कई ग्राम पंचायतो के ग्राम प्रधान, राजस्व विभाग व आम जनमानस मौजूद थे।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं/ बालिकाओं को किया गया जागरूक

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद/श्रावस्ती-पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य के निर्देशानुसार महिला बीट पुलिस अधिकारी,शक्ति मोबाइल,नारी सुरक्षा दल द्वारा थाना क्षेत्र गाँवों/भीड़भाड़ वाले स्थानों पर जाकर चौपाल लगाकर मिशन शक्ति अभियान के बारे में महिलाओं/बालिकाओं को जानकारी देते हुए सुरक्षा एवं आत्मनिर्भरता के लिए बनाए गए कानून एवं नियमों के संबंध में बताते हुए जागरूक किया गया। साथ ही साथ सेल्फ डिफेंस व हेल्पलाइन नंबर- वीमेन पावर लाइन-1090, महिला हेल्प लाइन नंबर-181, चिकित्सीय सहायता हेतु-108 पुलिस कंट्रोल नंबर -112, चाइल्ड हेल्पलाइन -1098, साइबर अपराध के साथ साथ यातायात नियमों आदि के बारे में भी जानकारी दी गयी। साथ ही साथ यह भी बताया गया की यदि किसी प्रकार की समस्या होती है या कहीं आने-जाने पर कोई अंजान व्यक्ति परेशान करता है तो हेल्पलाइन नंबरों पर फोन कर सहायता प्राप्त की जा सकती है। फोन करने वाली महिलाओं/ बच्चियों का नाम पता गोपनीय रखा जाता है। साथ ही साथ नारी सुरक्षा दल द्वारा कस्बा भिनगा, प्राथमिक विद्यालय फुलवरिया शाहपुर, कस्बा गिलौला, खनवापुर, सीताद्वार, घोलियां, राप्ती बैराज कानीबोझी आदि कस्बा/क्षेत्र/ ग्रामो में भ्रमण कर महिलाओं/ बालिकाओं को जागरूक किया गया।

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख ,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991
Title Code : UPBIL05086
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

# संपादकीय Editorial

## Attenborough and Gandhi: The classic film Gandhi completes 40 years today

There are many more critical reviews of Attenborough's document, and Andrew Sarris's review in the New York weekly, Village Voice, is the most scathing. This week marks forty years of Richard Attenborough's classic film Gandhi. Attenborough's papers are kept in an archive an hour's drive from London. During my recent stay I came across several files relating to reviews of the most important film ever made by this director. Among these was the assessment of young Tavleen Singh, published in The Telegraph, who wrote of Attenborough's work, 'one of the three or four great films I have seen in my life, and certainly one of the most affecting' One of. There was grumbling among foreigners that the film was funded by the Government of India. Singh dismissed such criticisms and wrote, 'After seeing Gandhi, I can believe that the money was well spent. Attenborough has made the greatest possible film on Gandhi. India is indebted to him. Another female reviewer of the same generation was less enthusiastic. It was Amrita Abraham and she wrote in the Sunday Observer. While praising Ben Kingsley's performance, he remarked that 'other than Gandhi the Indian characters are presented as ordinary men rather than as serious heroes of alternative ideas or strategies'. With a relentless focus on Gandhi, the film presents a radically simplified version of the multi-faceted independence movement. Nor has it done justice to the moral outlook of the main character. Abraham wrote, 'The three-hour film essentially encapsulates Gandhi's key ideas: Swadeshi, renunciation of materialistic things, symbolic action for moral and political purposes, civil disobedience and non-violent but active response. But Gandhism, as a single, central vision unifying personal acts and political consequences, makes individual conscience the touchstone of Hindu faith, split from time to time and views never coming together in a complete vision. ' There are many more critical reviews of Attenborough's document, and Andrew Sarris's review in the New York weekly, the Village Voice, is the most scathing. Sarris remarked, 'Gandhi does not refer to a person, but to a number of things; It is actually from many things: Indian independence, non-violence, charismatic quietness, racial and religious discrimination, colonialism, imperialism, exploitation and needless to say, history. In fact, the film's potential subject matter is so vast that this 188-minute super-production feels unfinished and underdeveloped. Director Attenborough and his screenwriter John Briley have been forced to choose a few scenes and a few events from an infinity and infinity of possibilities.'Acknowledging that there are moments when the film comes alive, the American reviewer concluded his generally negative review by saying, 'The main flaw in Attenborough's concept of Gandhi is that it tries to make a complicated history. Toned down and turned into an engaging story. Some Englishmen have also made critical comments. Richard Cooke in New Musical Express wrote, 'Despite some brilliant performances, the film ends up being a parade of historical mannequins.w is interesting: 'I would be interested to see Satyajit Ray's Gandhi.' Naturally Richard Attenborough also received positive reviews. These included an impassioned review by Sri Lankan journalist Tarjei Wittachi in Asia Week. Vittachi was among 49 guests specially invited to New York to preview the film.

# Ayushmann and Jaideep's fierce fight, 'N Action Hero' lost its shine due to remix songs

The film 'An Action Hero' is a lesson in a way for Ayushmann Khurrana and he probably learned this lesson even before starting this film. As it happens in a cricket team, if one batsman does not play, then the second, third or fourth can come and handle the innings. Cinema is also something like that. Ayushmann Khurrana's name is enough for a different identity of a Hindi film. But, Ayushmann, who has been continuously doing films on taboo subjects in the society, has done a completely entertaining film this time, leaving the loop of his similar films. The name is also very Bollywood type, 'An Action Hero'. If we look closely at Ayushmann's cinema, then it is understood that as long as he remained just an ordinary actor, his films continued to be successful. But, when she started doing 'Ayushmann Khurrana type' films like 'Gulabo Sitabo', 'Chandigarh Kare Aashiqui' and 'Anek', her fans didn't like it. This time he has done a film of the 70s and 80s of Hindi cinema. Fultu Masala Movie. Hero and Villain face to face. There are plenty of action packed scenes and at least two steamy item numbers to pause and talk about. Story of moving film in the film- Producer Aanand L. Rai has bet on his assistant Anirudh Iyer for a long time in the film 'An Action Hero' and Anirudh, making his debut film, has also been successful in proving his worth. Manav is the hero of this story with moving film in the film. is a superstar. He has his own swag. On screen as well as in personal life. An accident happens on its sets. The one who died was the brother of an arrogant politician from Haryana. Matters come to a head when this leader follows Hero to London to avenge his brother's death. Most of the films made during the Corona period were shot outside India because there were less restrictions. 'An Action Hero' is also a film made in the same period and considering those problems, Anirudh has been successful to a great extent in his endeavours. Anirudh Iyer's good debut - An Action Hero is a lesson in a way for Ayushmann Khurrana and he probably learned this lesson even before starting this film. As it happens in a cricket team, if one batsman does not play, then the second, third or fourth can come and handle the innings. Cinema is also something like that. If in a film there is a strong villain with a hero, a narcotic heroine, some co-actors chirping, then the audience's attention is not able to stay on the post-mortem of any one character. This cleverness of Anirudh has come in handy here. He is a protégé of Aanand L. Rai but cinema is his own. Nowhere can the imprint of his mentor be seen on his instructions. Anirudh also has to be commended because in his very first film he managed to convince Ayushmann for a story in which there is no heroine opposite him. The songs spoil the fun of the film- The fun of the film without the heroine, however, is spoiled by the remix songs inserted in 'An Action Hero' and it is something like what happened with the film 'Vikram Vedha'. The audience, who were expecting an action film by Hrithik Roshan, were left disappointed after watching the first song 'Alcoholia' from the film. This one song burst the entire bubble of hype around the film. The two songs 'Jeda Nasha' and 'Aap Jaisa Koi Meri Zindagi Mein Aaye' released before the release of the film are the culprits of reducing the curiosity to watch the film 'An Action Hero'. Anirudh's probably did not work in front of the producers of the film and for this he too must have laid down his arms. it is a matter of thought for Jaideep that by continuously speaking the same dialect on screen, he is not drawing the Lakshman Rekha of acting around him. Ayushmann Khurrana seen on backfoot- Ayushmann Khurrana is yet to play a long innings in Hindi cinema. It is good that in the film 'An Action Hero', instead of hitting fours and sixes, he was seen doing a little bit of acting. Although, what he is doing in this film, he surprises the people who have seen his cinema so far, but in this the character wins. Ayushmann has not done the character of such a picky person before, so initially it seems a bit awkward.



# कांग्रेस पार्टी एटा नगर पालिका परिषद अध्यक्ष पद का एवं सभासद पद का चुनाव पूरी ताकत के साथ लड़ेगी

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा- एटा कांग्रेस कार्यालय पर निकाय चुनाव के आरक्षण की घोषणा होते ही एटा शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विनीत पाराशर बाल्मीकि की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई बैठक को संबोधित करते हुए एटा शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विनीत पाराशर बाल्मीकि ने कहा कांग्रेस पार्टी एटा नगर पालिका परिषद अध्यक्ष पद का एवं सभासद पद का चुनाव पूरी ताकत के साथ लड़ेगी उन्होंने कहा निकाय चुनाव में हम जनता के बीच जाकर बताएंगे कि जब से भाजपा सरकार केंद्र और राज्य में आई है तब से लगातार खाने-पीने एवं गैस,पेट्रोल,डीजल के दामों में वृद्धि हुई है और महंगाई से आम जनता बेहाल है उन्होंने कहा एटा शहर में नगर पालिका अध्यक्ष पद के एवं सभासद पद के लिए 11 सदस्ये वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओ की चेन समिति बनाई गई है यह चयन समिति नगर पालिका अध्यक्ष पद एवं सभी वार्डो के प्रत्याशियों की नामों पर चर्चा करके हाईकमान नाम को भेजेगी प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य ठाकुर अनिल सोलंकी ने कहा जब से राहुल जी के नेतृत्व में भारत जोड़ो यात्रा की शुरुआत हुई है भाजपा के नेता परेशान और भयभीत हैं आने वाले समय 2024 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी अपनी सरकार बनाएगी बैठक के बाद अल्पसंख्यक कांग्रेस के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष श्री वसीम सलमानी का सभी कांग्रेस के साथियों ने माला पहनाकर स्वागत किया इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के विधि प्रकोष्ठ के सचिव श्री सुभाष शर्मा एडवोकेट पूर्व प्रदेश महासचिव श्री इंजीनियर सुरेंद्र कश्यप महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष सरिता अंबेडकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य शत्रुघन चौहान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य आशू यादव शहर कांग्रेस कमेटी के संगठन के उपाध्यक्ष भोला गुप्ता मुकेश बघेल चौधरी रामपाल यादव अमित बाबू गुप्ता राजेश बघेल अनुसूचित जाति के जिलाध्यक्ष चंद्रकांत गांधी पूर्व सभासद सुभाष सागर मम्मा शिवगत उल्लाह खान टीटू गिहार संजीव गुप्ता मोहम्मद हनीफ अनवर भाई चाय वाले नदीम उल्ला खान सचिन गुप्ता अनुज गुप्ता प्रवीण सिंह मोहम्मद आबिद अली रुजवाना वेगम सुल्तान अली अब्बास प्रमोद कुमार बंटी बृज किशोर आबिद अली हीरा पाराशर आदि लोग उपस्थित थे

# तत्कालीन इंस्पेक्टर सतीश ने मांगी ऐच्छिक सेवानिवृत्ति

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- अलीगंज में रहे इंस्पेक्टर सतीश यादव ने ऐच्छिक सेवानिवृत्ति मांगी है। अलीगंज थाना में उन पर मुकदमा दर्ज कराया जा चुका है। जबकि अलीगंज विधायक की ओर अनिवार्य सेवानिवृत्त किए जाने की शिकायत मुख्यमंत्री से की जा चुकी है। थाना अलीगंज क्षेत्र के गांव जहान नगर निवासी अवधेश कुमार उर्फ मंतेश कुमार पर मनमाने तरीके से छह मुकदमा दर्ज करा दिए थे। मंतेश की ओर से की गई शिकायत के बाद हुई जांच में सभी मुकदमे फर्जी मिलने पर सतीश यादव पर अलीगंज थाना पर मुकदमा दर्ज कराया गया था। सतीश ने प्रार्थना पत्र देकर सेवानिवृत्ति मांगी है। इससे पहले विधायक अलीगंज सत्यपाल सिंह राठौर की ओर से शासन में शिकायत की गई थी कि सतीश यादव को अनिवार्य सेवानिवृत्त किया जाए। सतीश अलीगंज थाना में 11 सितम्बर 2016 से 9 फरवरी, 2017 तक तैनात रहे हैं। अवधेश कुमार उर्फ मंतोष पर 16 जुलाई 2016 को कोतवाली अलीगंज में दर्ज हुए मुकदमे से शुरू हुआ। इंस्पेक्टर ने इस मुकदमे में अवधेश कुमार उर्फ मंतोष का नाम प्रकाश में लाकर आरोपी बनाया। कोई मुकदमा सीधा तो किसी में नाम प्रकाश में लाकर बड़ा अपराधी बना दिया। 16 जुलाई, 2016 से 21 मार्च, 2017 तक अवधेश पर छह मुकदमे लिखे गए। 19 अक्तूबर, 2016 को इंस्पेक्टर ने शस्त्र फैक्ट्री का स्वयं मुकदमा लिखाया था। इस मुकदमे में इंस्पेक्टर ने अवधेश के अलावा एक ऐसे बुजुर्ग को फंसाया था, जो दोनों पैर से दिव्यांग था तथा वैसाखी के सहारे चल पाता था। समय यह बुजुर्ग डीआईजी के समक्ष पेश हुआ था तो डीआईजी स्वयं दंग रह गए थे। कुछ समय बाद दिव्यांग बुजुर्ग का निधन हो गया।

# विष्णु भगवान के तृतीय अवतार भगवान वराह के निर्माण दिवस पुण्य तिथि पर आयोजित हुई समाजिक सदभावना पंचकोसी परिक्रमा

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




एटा- कासगंज- समाजिक सदभाव पंचकोसी यात्रा में साधू संतो का जमावड़ा महामंडलेश्वर का बडा बयान एटा कासगंज की पहचान कट्टे तमंचों से, सोरों जी तीर्थ घोषित होने से युवाओं की सोच में आएगा बदलाव, आजीविका के साधन बढ़ने से आपराधिक छवि से मुक्त होगा एटा कासगंज, सीएम योगी का आभार भगवान वराह की तपोभूमि को तीर्थ घोषित कर क्षेत्र मे होगा बड़ा बदलाव, विष्णु भगवान के तृतीय अवतार भगवान वराह के निर्माण दिवस पुण्य तिथि पर आयोजित हुई समाजिक सदभावना पंचकोसी परिक्रमा आरएसएस की पंचकोसी यात्रा में एक लाख श्रद्धालुओं ने की सहभागिता पंचकोसी परिक्रमा कार्यक्रम मे शिरकत करने पहुंचे महामंडलेश्वर और जगत गुरू राजराजेश्वर शंकराचार्य के अलावा तमाम साधू संत भगवान विष्णु के तृतीय अवतार भगवान वराह की तपोभूमि सोरोंजी पर पंचकोशी परिक्रमा कार्यक्रम मे सोरों के स्टेडियम परिसर में आज चार दिसंबर को समाजिक सदभावना पंचकोसी यात्रा में महामंडलेश्वर और जगत गुरू राजराजेश्वर शंकराचार्य के अलावा तमाम महान साधू संतो ने शिरकत की, जगत गुरु शंकराचार्य ने अपने वक्तव्य के दौरान कहा कि एटा की पहचान पहले कट्टों और तमंचों की फैक्टरी के रूप मे होती थी, आज भी युवा इससे अछूते नही है पर सीएम योगी को धन्यवाद देता हूँ, जो उन्होंने इस क्षेत्र की आपराधिक और बदनाम छवि को सुधारने के लिए भगवान विष्णु के तीसरे अवतार भगवान वराह की तपोभूमि सोरों जी को तीर्थस्थल घोषित कर दिया , अब तीर्थ घोषित होने के बाद यहाँ रोजगार और आजीविका के नए संसाधन विकसित होंगे जिससे युवा अब आपराधिक गतिविधियों को छोड़कर देश और प्रदेश के विकास के लिए कार्य करेंगे, आज मोक्षदा द्वादशी के अवसर पर पंचकोसी परिक्रमा के आयोजन मैं आये लाखों श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त करता हूँ, धर्म की अलख जगाने को ऐसे कार्यक्रम होते रहने चाहिए, बाद में उन्होंने 12 बजे से पंचकोसी परिक्रमा का शुभारंभ हुआ, सांधू संतो और जनप्रतिनिधियों के साथ श्रदालुओ ने पंचकासी परिक्रमा लगाई। सनातन धर्म है जो उत्सवों का धर्म है हमारे यहां तीर्थ यात्रा सनातन काल से हिंदुओं का अभिन्न अंग रहा है जो तीर्थ यात्रा श्रवण कुमार ने अपने अंधे माता पिता को तीर्थ यात्रा कराई थी वह वह सर्वादित है।

# मार्गशीर्ष मेला में भीड़ बढ़ी दुकानदार नजर आए खुश



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- कासगंज। पंचकोसी परिक्रमा सोरों में निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन डा. शैलेंद्र सिंह यदुवंशी जिला संयोजक चिकित्सा प्रकोष्ठ कासगंज के व चिकित्सकों द्वारा लगाया गया। शिविर में 556 श्रद्धालुओं का परीक्षण कर निशुल्क दवा वितरण किया गया। 110 मरीजों को बीपी की जांच कर दवा दी गई। 52 मरीजों की डिस्टल शुगर की जांच कर दवा वितरित की गई। शिविर में डा. एनडी मौर्या, छोटेलाल निराला, डा. शिवम वार्ष्णेय, डा. रौनक दक्ष, डास. उमेश प्रताप, आदित्य शर्मा, डा. भुवनेश माहेश्वरी, डा. प्रियांशु साहू, डा. दीपक राजपूत, डा. अभिषेक गुप्ता व चिकित्सा कर्मी मौजूद थे। सोरों, । मार्गशीर्ष मेला में द्वादशी स्नान पर्व पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। मेला में दुकान लगाए दुकानदार भी अधिक भीड़ देखकर खुश नजर आए। श्रद्धालुओं ने हरिपदी में स्नान करने के बाद मेला में जमकर खरीदारी की है। स्नान पर्वों के समय मेला में दुकानदार भी अधिक बिक्री की उम्मीद करते हैं। रविवार की शाम तक मेला में लोग खरीदारी करते देखे गए। ग्रामीण व शहरी परिवेश से आए लोग ढोलक, काष्ठ से बनी रई, बेलन-चकला, लकड़ी से बनी बच्चों की गाड़ियां व अन्य सामग्री खरीदते दिखाई दिए। मेला देखने के बाद लोग प्रसाद के रूप में नारंगी व खाजला खरीदकर ले गए। मेला में भीड़ की वजह से दुकानदार भी बहुत व्यस्त नजर आए। मेला में खानपान की दुकानों पर भी काफी भीड़ नजर आ रही थी। सौंदर्य सामग्री की दुकानों पर महिलाओं की अधिक भीड़ थी। मेला दुकानदार राजू पाटकर कहते हैं कि मेला में द्वादशी के दिन अधिक से अधिक लोग सोरों आए हैं।

# भाजपा मण्डल बिहारपुर कार्यसमिति बैठक में जिला अध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल ने 2023 चुनाव को लेकर किए शंखनाद

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर-बिहारपुर - प्रदेश संगठन के आह्वान पर भाजपा मण्डल बिहारपुर चांदनी कार्यसमिति बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल छत्तीसगढ़ के अंतिम छोर मध्य प्रदेश बॉर्डर नावाटोला में पहुंचकर कार्यकर्ताओं में ऊर्जा का संचार भरा दरअसल भाजपा मंडल बिहारपुर के कार्यसमिति बैठक में श्री अग्रवाल ने मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए तथा मण्डल अध्यक्ष रामेश्वर बैस के अध्यक्षता किए बैठक सम्पन्न हुआ मंच संचालन महामंत्री सुरेन्द्र कुमार गुप्ता के द्वारा किया गया इस दौरान जिला अध्यक्ष बाबूलाल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया 2023 विधानसभा चुनाव में को लेकर सजग और तैयार रहने के लिए शंखनाद किया बैठक में मण्डल प्रभारी शिवप्रसाद सिंह पूर्व मण्डल अध्यक्ष रामपाल जायसवाल महामंत्री सुरेन्द्र कुमार गुप्ता, हंसेलाल जायसवाल उपाध्यक्ष रामनाथ पाठक भाजयुमो जिला प्रभारी मुकेश कुमार साकेत मंत्री आनंद पाठक मदनलाल जायसवाल अमर सिंह विजय गुर्जर पि0वर्ग अध्यक्ष कालीचरण कांशी भाजयुमो मण्डल अध्यक्ष पुनीत पाठक अजा मोर्चा मंडल अध्यक्ष जगदीश साकेत बिनोद गुप्ता छोटेलाल यादव शिवधन गुप्ता रामप्रताप विश्वकर्मा महिला मोर्चा मंडल प्रभारी शकुन्तला पाठक अध्यक्ष अनुराधा विश्वकर्मा मिडिया प्रभारी कन्हैयालाल साहू प्रेमलाल विश्वकर्मा देवेन्द्र कुमार गुप्ता रामेश्वर गुप्ता बीपी जायसवाल रामनारायण यादव रामरक्षा पाल सहित कार्यसमिति सदस्य शक्ति केन्द्र संयोजक सहसंयोजक बूथ पालक बूथ अध्यक्ष सचिव बीएलए टू महिला मोर्चा यूवा मोर्चा उपस्थित थे आभार प्रदर्शन महामंत्री हंसे लाल जायसवाल ने किया साथ ही जिलाध्यक्ष ने सपहा के पूर्व सरपंच रैनमत पण्डो के घर भोजन किए भोजन पश्चात कुबेरपुर बेगारीडाड बिशालपुर आदि बुथों पर जाकर कार्यकर्ताओं को एवं ग्रामीण को संबोधित किए और वरिष्ठ नेता एवं जनसंघ के नेता बैजनाथ पाठक घर जाकर उनका आशीर्वाद लिए इस दौरान सूरजपुर जिला अंतर्गत बिहारपुर मंडल के ठाडपाथर पेण्डारी खैरा बूथों में कार्यकर्ताओं एवं समाज प्रमुखों से संपर्क किया। प्रबुद्धजनों से जानकारी साझा करते हुए कहा कि एक ओर प्रदेश की कांग्रेस सरकार जनता के पैसे को लूट रही है वही दूसरी ओर मोदी जी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार गांव-गरीब के विकास व उत्थान के लिए क्रांतिकारी काम कर रही है।बैठक के दौरान जनसंघ के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण उपस्थित रहें बैजनाथ पाठक एवं नारायणदास बैस जी का आशीर्वाद प्राप्त किया। तदोपरांत ग्राम पेंडारी में महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष के निवास में बूथ के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों की बैठक लेकर आगामी कार्यदिवसों हेतु रणनीतिक चर्चा की एवं मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ की सीमा से लगे इस गांव में कार्यकर्ताओं से भेंट कर उनका उत्साहवर्धन किया ।

# गौठान में हुआ विश्व मृदा दिवस का आयोजन




रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर-दतिमा मोड़- भैयाथान विकासखण्ड के ग्राम चुनगढ़ी में नव पदस्थ मुख्य कार्यपालन अधिकारी वेद प्रकाश गुप्ता के निर्देश में मृदा दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में परंपरा अनुरूप छत्तीसगढ़ महतारी के तस्वीर पर धूप दीप प्रज्वलित किया गया। उसके पश्चात जनप्रतिनिधियों को श्रीफल देकर स्वागत किया गया। गौठान नोडल जितेंद्र झ के द्वारा उपस्थित जनसमूह को बताया गया कि जितना पृथ्वी पर मनुष्यों की संख्या है उसके तुलना एक चम्मच मिट्टी में अधिक जीवित जीव है मिट्टी जीवो खनिजों और जैविक घटकों से बनी हुई है जो पौधों के विकास के माध्यम से मनुष्य और जीव-जंतुओं के लिए भोजन प्रदान करती है हमारी तरह मिट्टी को भी स्वस्थ रहने के लिए उचित मात्रा में पोषक तत्वों की संतुलित और विविध आपूर्ति की आवश्यकता है। वक्तव्य के अंतिम चरण में कार्यक्रम में उपस्थित क्षेत्रीय जनपद सदस्य भोले सिंह ने कहा कि आज पूरे विश्व में मृदा दिवस मनाया जा रहा है परंतु मिट्टी को सुधारने का कार्य जो हो रहा है वह हमारे छत्तीसगढ़ में गोधन न्याय योजना व केंचुआ खाद आदि का निर्माण कर ही संभव हो पा रहा है और अब हम कृष्को को और जागरूक होने की आवश्यकता है। इस दौरान सरपंच-सचिव सहित ग्राम के ग्रामीण उपस्थित रहे।

# तीनों सीटों पर मतदान खत्म, आठ दिसंबर को आएंगे परिणाम



यूपी में मैनपुरी लोकसभा सीट और रामपुर व खतौली सीट पर उपचुनाव के लिए वोटिंग शाम छह बजे खत्म हो गई। उपचुनाव के नतीजे आठ दिसंबर को आएंगेरामपुर में शाम पांच बजे तक 31.22त्न मतदान- रामपुर में शाम पांच बजे तक 31.22त्न मतदान हुआ। इस उपचुनाव में सपा और भाजपा के बीच सीधी लड़ाई है। यहां सपा और भाजपा के उम्मीदवारों सहित कुल 10 प्रत्याशी मैदान में हैं।अब्दुल्ला आजम की पुलिस से तीखी नोक झोंक- रामपुर में सपा विधायक अब्दुल्ला आजम की एएसपी संसार सिंह से तीखी नोक झोंक हुई। अब्दुल्ला ने पुलिस पर एक खास वर्ग के मतदाताओं को बूथ पर आने से रोकने का आरोप लगाया।भाजपा नेता अभय चौहान से जानबूझकर गाड़ी से टक्कर मारने का आरोप- मैनपुरी सदर विधानसभा के देवामई बूथ संख्या 44 पर वोट डालकर वापस आ रहे राकेश शाक्य को भाजपा नेता अभय चौहान ने जानबूझकर गाड़ी से टक्कर मारकर घायल कर दिया है। सपा ने चुनाव आयोग से मामले का संज्ञान लेने की अपील की है। सपा ने आरोपी भाजपा नेता के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। दूसरी ओर, भोगांव विधानसभा के जरामई में बूथ संख्या 34 पर सेक्टर मजिस्ट्रेट ने एक घंटे से मतदान रुकवा रखा है। बैटरी चेंज करने के नाम पर ईवीएम से छेड़छाड़ करने का प्रयास किया जा रहा है। सपा ने चुनाव आयोग से संज्ञान लेने की अपील की है। भाजपा के गुंडों ने कैप्चर किया बूथ- सपा- समाजवादी पार्टी ने आरोप लगाया है कि भोगांव के मलपुर में बूथ संख्या 120 और 121 को भाजपा के गुंडों ने कैप्चर कर लिया है। बूथ नंबर 34 पर 2 घंटे से मशीन बंद है। इसके अलावा एकरसानंद गांव में बूथ संख्या 137, 138, 139 में भाजपा के गुंडे घुसकर बूथ कैप्चरिंग करने की कोशिश कर रहे हैं। सपा ने चुनाव आयोग से संज्ञान लेकर कार्रवाई करने की मांग की है। भाजपा के एजेंट के रूप में काम कर रहे हैं चुनाव कर्मचारी- सपा- समाजवादी पार्टी ने आरोप लगाया कि मैनपुरी विधानसभा की बूथ संख्या 133 पर चुनाव कर्मचारी भाजपा के एजेंट के रूप में काम कर रहे हैं। दरवाजा बंद करके खुद ही मशीन में वोट डाल रहेहैं। वोटरों के द्वारा शिकायत करने पर कह रहे हैं मशीन खराब है दूसरी मंगवा रहे हैं। सपा ने चुनाव आयोग से संज्ञान लेने की अपील की है।43.93, खतौली में 40.2 और रामपुर में 26.32 फीसदी मतदान- खतौली विधानसभा सीट पर दोपहर तीन बजे तक 40.2 प्रतिशत मतदान हुआ। जबकि रामपुर में 26.32 फीसदी मतदान हुआ है। सपा प्रतिनिधिमंडल ने लखनऊ में चुनाव आयुक्त से की शिकायत रामपुर, खतौली और मैनपुरी उपचुनाव के लिए जारी वोटिंग में भारतीय जनता पार्टी के द्वारा की जा रही धांधली और गड़बड़ी को लेकर सपा प्रतिनिधिमंडल ने लखनऊ में चुनाव आयुक्त से शिकायत की है। सिरसागंज द्वारा समाजवादी पार्टी के वोटरों को डराकर भगाया जा रहा है। सपा ने चुनाव आयोग से संज्ञान लेने की अपील की है। साथ ही आरोपी इंस्पेक्टर पर कार्रवाई की मांग की है।रामपुर में भाजपा के लोगों ने सपा के बूथ पर तोड़फोड़ और गुंडागर्दी का आरोप- रामपुर में भाजपा के लोगों ने सपा के बूथ पर तोड़फोड़ और गुंडागर्दी करने का आरोप लगाया है। आरोप है कि सवाल पूछने पर सीओ साहब भाग खड़े हुए। सपा ने मामले में चुनाव आयोग से संज्ञान लेने की अपील की है। सपा की मांग है कि आरोपी भाजपा नेता पर कार्रवाई हो।ऐसे पुलिसकर्मियों को तत्काल सस्पेंड किया जाए।

# महिला बाल विकास विभाग द्वारा किया जा रहा बालिकाओं को जागरूक



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- कलेक्टर सुश्री इफ्फत आरा के निर्देशन एवं श्री चन्द्रबेश सिंह सिसोदिया जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास विभाग के मार्गदर्शन में 25 नवंबर 2022 से 10 दिसंबर 2022 के मध्य महिला हिंसा को समाप्त करने के उद्देश्य से जिले के दूरस्थ विकासखंड ओड़गी के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ओड़गी तथा हायर सेंकेडरी स्कूल डुमरिया की बालक एवं बालिकाओं को समाज में महिलाओं के विरुद्ध हो रही घटनाओं एवं हिंसाओं के संबंध में जागरूक करने के उद्देश्य से एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उन्हें समाज में महिलाओं के विरुद्ध घट रही घटनाओं एवं महिला हिंसा को समाप्त करने के संबंध में एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम एवं रैली का आयोजन किया गया। जिसमें महिला हिंसा, साइबर क्राइम, कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न, सखी वन स्टॉप सेंटर एवं महिलाओं से संबंधित सभी प्रकार के अपराध के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही बालिकाओं को जागरूक करने के उद्देश्य से विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। कार्यशाला में विद्यालय के सभी शिक्षकगण एवं छात्राए, परियोजना अधिकारी ओड़गी, संरक्षण अधिकारी, सखी वन स्टॉप के कर्मचारी उपस्थित रहे।